# कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड

डाण्डा लखोण्ड, पो0ओ0 गुजराड़ा, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून
ई–मेल dghealth.uttarakhand@gmail.com दूरभाष 0135–2608763, फैक्स 0135–2608746

पत्र संख्याः–1प/रा0पु0/06/2024 टी0सी0/ 10692 दिनांक–03 अप्रैल, 2025

सेवा में,

1. **निदेशक**
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,
गढ़वाल मण्डल पौड़ी/कुमाऊँ मण्डल,
नैनीताल।

2. **समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
उत्तराखण्ड

3. **समस्त प्रमुख/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक**
उत्तराखण्ड।

4. **प्रधानाचार्य,**
सम्भागीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
प्रशिक्षण केन्द्र, चन्द्रनगर, देहरादून।

**विषयः–** **स्थानान्तरण सत्र 2025–26 हेतु चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अन्तर्गत पी0एम0एच0एस0 संवर्ग के समस्त चिकित्सकों के सेवा विवरण/सूचना उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक महानिदेशालय के पत्र संख्या– 1प/रा0पु0/06/2024टी0सी0/9138, दिनांक 15.04.2025 एवं 1प/रा0पु0/06/2024टी0सी0/9496, दिनांक 21.04.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे, जिसके द्वारा चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अन्तर्गत समस्त संवर्गो को उत्तराखण्ड लोक सेवकों के लिये वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम, 2017 के के प्रस्तर–23 (3) में दिये गये प्राविधानानुसार प्रत्येक संगर्व के लिए सुगम/दुर्गम क्षेत्र के कार्यस्थल, स्थानान्तरण हेतु पात्र कार्मिकों तथा उपलब्ध एवं संभावित रिक्तियों की सूची चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की बेवसाइट https://health.uk.gov.in पर दिनांक 15.04.205 को प्रदर्शित की गई थी तथा यह अपेक्षा की गयी थी कि यदि किसी चिकित्सा अधिकारी के सुगम एवं दुर्गम अवधि में कोई त्रुटि हो एवं जिन चिकित्सको के सेवा विवरण अंकित नही किया गया है तो उन चिकित्सकों का पूर्ण तैनातियों का विवरण भी अपने नियंत्रक अधिकारी के माध्यम से दिनांक 19.04.2025 तक ई–मेल (karmik1dgmhuk@gmail.com) एवं विशेष पत्र वाहक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से महानिदेशालय को उपलब्ध करे, परन्तु आतिथि तक कोई सूचना महानिदेशालय को प्राप्त नही हुई है।

इस क्रम में अवगत कराना है कि पी0एम0एच0एस0 संवर्ग के चिकित्सकों की सूचना उपलब्ध न कराने वाले जनपद निम्नवत् हैः–

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1. | हरिद्वार | केवल जिला चिकित्सालय, हरिद्वार की पूर्ण सूचना प्राप्त हुई शेष अन्य चिकित्सालयों/संस्थानों से कोई सूचना प्राप्त नही हुई है। |
| 2. | उत्तरकाशी | केवल जिला चिकित्सालय, उत्तरकाशी की पूर्ण सूचना प्राप्त हुई शेष अन्य चिकित्सालयों/संस्थानों से कोई सूचना प्राप्त नही हुई है। |
| 3. | पौड़ी | उप जिला चिकित्सालय, कोटद्वार/श्रीनगर गढ़वाल की पूर्ण सूचना प्राप्त एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पौड़ी द्वारा आधी अधूरी सूचना प्रेषित की गयी है। |
| 4. | देहरादून | उप जिला चिकित्सालय, मसूरी/विकासनगर/प्रेमनगर की पूर्ण सूचना प्राप्त शेष अन्य चिकित्सालयों/संस्थानों की सूचना प्राप्त नही हुई है। |
| 5. | अल्मोड़ा | उप जिला चिकित्सालय, रानीखेत/बेस चिकित्सालय, अल्मोड़ा की सूचना प्राप्त शेष अन्य चिकित्सालयों/संस्थानों की सूचना प्राप्त नही हुई है। |

| | | |
|---|---|---|
| 6. | चम्पावत | केवल जिला चिकित्सालय, चम्पावत की पूर्ण सूचना प्राप्त हुई शेष अन्य चिकित्सालयों/संस्थानों से कोई सूचना प्राप्त नही हुई है। |
| 7. | बागेश्वर | जनपद बागेश्वर की किसी भी चिकित्सालय/संस्थान से सूचना प्राप्त नही हुई है। |
| 8. | नैनीताल | उप जिला चिकित्सालय, हल्द्वानी/महिला चिकित्सालय, हल्द्वानी की पूर्ण सूचना प्राप्त शेष अन्य चिकित्सालयों/संस्थान की आधी अधूरी सूचना प्रेषित की गयी है। |
| 9. | उधमसिंह नगर | केवल जिला चिकित्सालय, रूद्रपुर, उधमसिंह नगर की पूर्ण सूचना प्राप्त हुई शेष अन्य चिकित्सालयों/संस्थानों से कोई सूचना प्राप्त नही हुई है। |

अतः आपसे पुनः अपेक्षा की जाती है कि कृपया अपने जनपद में तैनात पी0एम0एच0सवंर्ग के समस्त चिकित्सकों (पी0जी0 अध्ययनरत/अनुपस्थित चिकित्सकों सहित) की सूचना प्रत्येक दशा में दिनांक 05.05.2025 तक महानिदेशालय को ई–मेल (karmik1dgmhuk@gmail.com) एवं विशेष पत्र वाहक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से महानिदेशालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करे, ताकि समस्त चिकित्सकों का सेवा विवरण अंकित किया जा सके।

भवदीय,

(अजीत मोहन जौहरी)
संयुक्त निदेशक (प्रशासन)

संख्याः–1प/रा0पु0/06/2024 टी0सी0/ तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः–

1. डा0 कुलदीप मर्तोलिया, नोडल अधिकारी (आई0टी0 सैल), स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त पत्र को बेव साइड पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित।
2. समस्त अपर निदेशक/संयुक्त निदेशक/सहायक निदेशक, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून को उपरोक्तानुसार सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. गार्ड फाईल।

(अजीत मोहन जौहरी)
संयुक्त निदेशक (प्रशासन)